दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# असली आज़ादी

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik aslizadidainikofficial

■ वर्षः 22, अंकः 05 ■ दमण, सोमवार 21, सितंबर 2026 ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## दमण-दीव कांग्रेस अध्यक्ष केतन पटेल और अमी पटेल ने दीव सिद्धिविनायक गणपति का दर्शनकर लिया आशीर्वाद

■ केतन पटेल, अमी पटेल एवं उनके पुत्र तथा पुत्री ने दीव के सिद्धिविनायक गणेश की आरती उतारकर प्रदेश एवं देश की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 20 सितंबर। दमण-दीव के कांग्रेस अध्यक्ष केतन पटेल एवं अमी पटेल ने दीव के सिद्धिविनायक गणेश मंडल द्वारा स्थापित गणपति बप्पा का दर्शन करने पहुंचे थे। इस अवसर पर दमण-दीव कांग्रेस अध्यक्ष केतन पटेल, अमी पटेल एवं उनके पुत्र एवं पुत्री ने सिद्धिविनायक के गणपति बप्पा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आरती उतारकर देश एवं प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर सिद्धिविनायक गणेश उत्सव आयोजकों के साथ-साथ बडी संख्या में गणेश भक्तों की मौजूदगी रही।

## संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया एवं भाजपा पदाधिकारियों ने जेटी के राजा का लिया आशीर्वाद

■ संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरीश पटेल, दमण जिला पंचायत उपाध्यक्षा रीना पटेल, दमण जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री भावेश पटेल, दमण जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा रूक्षमणी भानुशाली सहित ने बप्पा की उतारी आरती





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। दमण में जेटी ग्रुप द्वारा आयोजित गणेश उत्सव में भाजपा पदाधिकरियों एवं कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरीश पटेल, दमण जिला पंचायत उपाध्यक्षा रीना पटेल, दमण जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री भावेश पटेल, दमण जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा रूक्षमणी भानुशाली, मिनाक्षीबेन, मित्तलबेन सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आरती उतारी और प्रदेश एवं देश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस मौके पर जेटी ग्रुप गणेश महोत्सव के आयोजक और काउंसिलर कल्पेश सीताराम ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान आयोजक मंडल की ओर से सरल दमणिया, जिकेश टंडेल, सुनीलभाई, धर्मेशभाई सहित बडी संख्या में गणेश भक्त मौजूद रहे।

## नवीन पटेल ने अपनी धर्मपत्नी पिंकी पटेल के साथ गणपति बप्पा का दर्शन कर उन्हें किया विदा

■ दमण जिला पंचायत के पूर्व प्रमुख नवीन पटेल एवं उनके परिवार द्वारा दलवाडा प्रगति युवक मंडल बैनर तले पिछले कई वर्षों से गणेश महोत्सव का धूमधाम से किया जाता है आयोजन











असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। दमण जिला पंचायत के पूर्व प्रमुख नवीन पटेल ने अपनी धर्मपत्नी पिंकी पटेल के साथ आज गणपति बप्पा का दर्शन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक विदा किया। दमण जिला पंचायत के पूर्व प्रमुख नवीन पटेल एवं उनके परिवार द्वारा प्रगति युवक मंडल दलवाडा के बैनर तले पिछले कई वर्षों से दलवाडा में धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक गणेश उत्सव का आयोजन किया जाता है। प्रगति युवक मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापित कर सुबह शाम पूजा एवं आरती की जाती है। 7 दिनों तक गणपति बप्पा की विधिविधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। 7वें दिन गणपति बप्पा को श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर नवीन पटेल सपरिवार शामिल हुए। बडी संख्या में गणेश भक्तों ने नाचते-झूमते गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ बप्पा को विदाई दी।

## डीएमसी प्रेसिडेंट दीपिका टंडेल एवं चंद्रगिरी टंडेल ने बस स्टैंड के राजा और एकदंत ग्रुप के गणपति का लिया आशीर्वाद





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। डीएमसी प्रेसिडेंट दीपिका टंडेल और डीएमसी के पूर्व काउंसिलर चंद्रगिरी टंडेल ने आज बस स्टैंड के राजा और एकदंत ग्रुप के गणपति का दर्शन किया। इस अवसर पर दीपिका टंडेल एवं चंद्रगिरी टंडेल ने भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया और प्रदेश एवं देश की खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की। गणेश उत्सव आयोजकों की ओर से दीपिका टंडेल और चंद्रगिरी टंडेल का स्वागत भी किया गया।

असली आज़ादी

सोमवार, 21 सितंबर 2026, दमण।



# विदा होते मॉनसून ने बढ़ाई चिंता... देश में 15 प्रतिशत बारिश की कमी, सूखे जैसी स्थिति में 218 जिले

■ देश में 17 साल बाद भीषण सूखाः मप्र, पंजाब से बिहार और आंध्र से कर्नाटक तक खरीफ पर संकट



नई दिल्ली(ईएमएस)। इस बार देश को 17 साल में सबसे भीषणतम सूखे का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया था कि देश में 10 फीसदी बारिश कम होगी, लेकिन इस वर्ष 15 फीसदी बारिश कम हुई है और 218 जिले सूखे घोषित किए गए हैं। देशभर में 13 सितंबर तक मॉनसून में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जून में यह कमी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई थी जो जुलाई की अ प्रतिशतछी बारिश से घटकर 13 प्रतिशत रह गई। अगस्त अंत में 14 प्रतिशत और अब 15 प्रतिशत पर स्थिर है। इस सीजन में अल-नीनो का असर साफ दिख रहा है जिसने कई क्षेत्रों में बारिश को कमजोर रखा। इस सूखे का असर फसलों पर पढ़ेगा, जिससे देश में महंगाई बढ़ेगी। साथ ही इससे विकास दर भी प्रभावित होगी।

इस साल का मॉनसून देश को विदा होने से पहले बड़ा जल संकट छोड़ता नजर आ रहा है। 19 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान से मॉनसून की वापसी शुरू होने के बीच देशभर में बारिश का घाटा 15 प्रतिशत तक पहुंच गया है। सबसे चिंता की बात यह है कि हाल के चार सप्ताह के आंकड़ों में 218 जिले सूखे जैसी स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। कई कृषि प्रधान राज्यों में अब मॉनसून की बची-खुची बारिश से यह घाटा पूरा होने की संभावना भी कम है। मौसम विभाग के अनुसार सामान्य तौर पर मॉनसून की वापसी 17 सितंबर के आसपास शुरू होती है, लेकिन इस बार यह करीब दो दिन की देरी से शुरू होने की संभावना है। पिछले साल वापसी 14 सितंबर से शुरू हो गई थी।

**जून का 40 प्रतिशत घाटा जुलाई की बारिश ने संभाला, फिर बिगड़ा हिसाब**

सीजन की शुरुआत ही कमजोर रही। जून में देश में बारिश की कमी करीब 40 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। जुलाई में अच्छी बारिश से स्थिति सुधरी और घाटा घटकर 13 प्रतिशत रह गया। अगस्त के अंत में यह 14 प्रतिशत और अब 15 प्रतिशत दर्ज किया गया है। लेकिन समस्या सिर्फ राष्ट्रीय औसत की नहीं है। बारिश का वितरण बेहद असमान रहा। कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति बनी, जबकि दूसरे हिस्सों में लगातार बारिश की कमी बनी रही।

**इन राज्यों में घाटा भरना मुश्किल**

कई राज्यों में बारिश की कमी इतनी ज्यादा है कि सीजन खत्म होने से पहले इसकी भरपाई मुश्किल मानी जा रही है। आंध्र प्रदेशः 43 प्रतिशत कमी, अरुणाचल प्रदेश : 42 प्रतिशत, पंजाब :40 प्रतिशत, बिहार :35 प्रतिशत, कर्नाटक :29 प्रतिशत, केरल :27 प्रतिशत, तमिलनाडु : 26 प्रतिशत, राजस्थान :25 प्रतिशत, हरियाणा :23 प्रतिशत, तेलंगाना :20 प्रतिशत, मेघालय :59 प्रतिशत दक्षिण प्रायद्वीप में कुल 28 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 25 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई है। मध्य भारत में यह घाटा 6 प्रतिशत और उत्तर-पश्चिम भारत में 10 प्रतिशत है।

**315 जिलों के लिए पहले से बनाई गई थी आकस्मिक योजना**

कम बारिश की आशंका को देखते हुए मॉनसून की शुरुआत में ही 315 जिलों के लिए आकस्मिक योजनाएं सक्रिय की गई थीं। इनमें 111 जिले ऐसे थे जहां सिंचाई कवरेज 25 प्रतिशत से कम होने के कारण उन्हें सबसे संवेदनशील माना गया था। 76 जिले मध्यम जोखिम और 128 जिले अपेक्षाकृत बेहतर सिंचाई वाले बताए गए थे। इन जिलों का फैलाव मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सहित कई राज्यों में है।

**खरीफ पर सबसे बड़ा दबाव**

बारिश की कमी का सीधा असर खरीफ फसलों पर पड़ सकता है। धान, मक्का, कपास और दलहन जैसी फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। जिन जिलों में सिंचाई सुविधाएं सीमित हैं, वहां जोखिम और ज्यादा है। किसानों को कम अवधि और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की ओर जाने की सलाह दी जा रही है। आने वाले दिनों में बारिश का स्थानीय वितरण खेती के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

**वापसी से पहले कुछ इलाकों में राहत**

मॉनसून की वापसी से पहले भी देश के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 15 से 17 सितंबर तक व्यापक बारिश हो सकती है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में 16-17 सितंबर को बारिश की संभावना है। राजस्थान में छिटपुट और उत्तर प्रदेश में बिखरी बारिश 18 सितंबर तक हो सकती है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु और पुडुचेरी में 20 सितंबर तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि केरल में 16 सितंबर तक बारिश का अनुमान है। हालांकि, इन बारिशों से स्थानीय स्तर पर राहत मिल सकती है, लेकिन देशभर में जमा 15 प्रतिशत के घाटे को पाटने के लिए अब बहुत कम समय बचा है।

**बारिश खत्म होने के बाद असली परीक्षा पानी की**

मॉनसून की वापसी के साथ चुनौती केवल फसल तक सीमित नहीं रहेगी। कम बारिश वाले क्षेत्रों में जलाशयों, भूजल और सिंचाई स्त्रोतों पर दबाव बढ़ सकता है। आगे चलकर पेयजल उपलब्धता, बिजली की मांग और अगली फसल की तैयारी पर भी इसका असर दिखाई दे सकता है। मॉनसून की विदाई के साथ अब सवाल बारिश का नहीं, बचे हुए पानी का है। 218 जिलों में सूखे जैसी स्थिति और कई राज्यों में 20 से 59 प्रतिशत तक बारिश की कमी आने वाले महीनों में जल प्रबंधन और कृषि प्रशासन की बड़ी परीक्षा बन सकती है।

# दमण कोस्टगार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस पर देवका बीच पर चलाया व्यापक तटीय स्वच्छता अभियान






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। अतंर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस-2026 के अवसर पर तथा स्वच्छ सागर, सुरक्षित तट- यहीं पहचान हमारी, अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय तटरक्षक वायु अवस्थान दमण द्वारा स्थानीय स्वयंसेवकों के सहयोग से 19 सितंबर 2026 को देवका बीच पर व्यापक तटीय स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। प्राकृति का सौंदर्य एवं मनोरम समुद्री तट के लिए प्रसिद्ध देवका बीच इस महत्वपर्णू पर्यावरणीय पहल का केंद्र रहा। भारतीय तटरक्षक वायु अवस्थान दमण ने इस कार्यक्रम के आयोजन करते हुए भारत के तटीय पारिस्थिति की तंत्र के सरंक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। अभियान में भारतीय तटरक्षक कार्मियों और उनके परिवारों, एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज के छात्र, कोस्टगार्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों सहित लगभग 600 उत्साहित प्रतिभागियों ने भाग लिया। अभियान का उद्देश्य समुद्री प्रदूषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा तटीय परिस्थिति की तंत्र के सरंक्षण हेतु जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों ने समुद्री जीव-जंतुओं एवं तटीय पर्यावरण के लिए खतरा बनने वाले 350 किलोग्राम कचरे जिसमें प्लास्टिक कचरे, त्यागे गए मछली पकड़ने के उपकरण तथा अन्य गैर-जवै अपघटनीय कचरे को एकत्र किया। यह पहल केवल समद्रु तट की स्वच्छता तक सीमित न होकर दीर्घकालिक व्यवहार परिवर्तन, जिम्मेदार कचरा निस्तारण एवं पर्यावरण सरंक्षण की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपर्णू प्रयास रहा। साथ ही, समुद्र के समीप कार्य करते समय आवश्यक सुरक्षा उपायों के सबंधं में मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण प्रदान किया गया, जिससे अभियान सुचारु एवं सुरक्षित रूप से सपन्न हो सके। कमान अधिकारी, भारतीय तटरक्षक वायु अवस्थान दमण ने अभियान में संक्रिय सहभागिता एवं सहयोग के लिए सभी प्रतिभागियों और सबंधित हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा एवं सरंक्षण के प्रति भारतीय तटरक्षक की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है तथा समाज के विभिन्न वर्गो को पर्यावरण सरंक्षण के लिए एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। देवका बीच पर आयोजित अतंर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस-2026 अभियान ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से तटीय पर्यावरण के सरंक्षण में महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यह अभियान भारतीय तटरक्षक एवं समुदाय की भारत के समुद्री तटों की स्वच्छता, सुरक्षा एवं प्राकृतिक सौंदर्य के सरंक्षण के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रभावशाली उदाहरण रहा।

# सरपंच दिलीप दलवी एवं समाजसेवकों ने श्रमदान करके विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बनाई सड़क



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा, 20 सितंबर। सिलवासा के वेलुगाम-धोधड़पाड़ा प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए कीचड़ भरी सड़कों से स्कूल पहुंचना रोज की परेशानी बन गई थी। विद्यार्थियों की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए सुरंगी पंचायत के धोधड़पाड़ा इलाके के सरपंच दिलीप दलवी और समाजसेवी युवाओं ने एक अच्छी पहल की है। 20 सितंबर की सुबह दिलीप दलवी समेत युवाओं ने स्वयं श्रमदान करके स्कूल जाने वाली सड़क और फुटपाथ की मरम्मत की। उम्मीद है कि सड़क की मरम्मत के बाद स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को कीचड़ की परेशानी से राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बच्चों के भविष्य और सुविधा को प्राथमिकता देकर की गई इस निस्वार्थ सेवा के लिए दिलीप दलवी और सभी समाजसेवी युवाओं को धन्यवाद दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अगर समाज के लोग अपने इलाके की छोटी-बड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आगे आएं और श्रमदान और सेवा भावना से काम करें, तो आम लोगों और खासकर छात्रों को इसका सीधा फायदा मिल सकता है।

# दमण पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध शराब और वाहन जप्त, दो अलग-अलग अभियानों में तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण, 20 सितंबर। अवैध शराब रखने, जमाखोरी करने और अंतर-राज्यीय तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे एक कड़े अभियान के तहत दमण पुलिस ने सीमावर्ती चेकपोस्टों पर मुस्तैदी दिखाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में इंडियन मेड फॉरेन लिकर और बियर की खेप बरामद की है, जिसकी कुल कीमत वाहनों सहित 3,89,320 रूपये आंकी गई है। पहला मामला 19 सितंबर 2026 का है, जब नानी दमण पुलिस स्टेशन के स्टाफ ने कोस्टल हाईवे पर नियमित गश्त के दौरान भेंसलोर चेकपोस्ट के पास एक संदिग्ध मारुति स्विफ्ट कार रजि. नं. जीजे-21-एएच-3633 को रोका। जब वाहन की गहन तलाशी ली गई, तो उसके भीतर छुपाकर रखी गई अवैध शराब का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके से कुल 996 बोतलें और टिन कैन जप्त किए। जिनमें रॉयल स्पेशल प्रीमियम व्हिस्की, डीएसपी ब्लैक, ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल स्टैग, मैकडॉवेल्स नं-1, बडवाइजर और किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बियर शामिल हैं। जप्त की गई इस शराब की अनुमानित कीमत 88,800 रूपये है। जबकि तस्करी में इस्तेमाल की गई मारुति स्विफ्ट कार की कीमत लगभग 2,00,000 रूपये बताई जा रही है। जबकि दूसरा मामला 20 सितंबर को सामने आया, जब कोस्टल पुलिस स्टेशन, कडैया के स्टाफ ने मोटी वांकड में चेकपोस्ट के पास गश्त के दौरान एक खुले मैदान में बने बंद शेड को चिन्हित किया। पुलिस टीम द्वारा वहां की गई चेकिंग के दौरान 8 बॉक्स मिश्रित बियर और व्हिस्की बरामद की गई। इस खेप में किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बियर, टर्बो स्ट्रॉन्ग बियर, रॉयल चैलेंज क्लासिक व्हिस्की और जॉन डिलक्स व्हिस्की शामिल थी, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 20,520 रूपये है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके पर मौजूद दो दोपहिया वाहन भी जप्त किए हैं। जिनमें एक एक्टिवा मोपेड नं.जीजे-15-एएम-5963 और एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नं.जीजे-15-एके-3514 शामिल हैं। इन दोनों वाहनों की संयुक्त कीमत लगभग 80,000 रूपये है। दमण पुलिस द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, जप्त की गई पूरी अवैध शराब और तीनों वाहनों को वैधानिक प्रावधानों के तहत आगे की औपचारिक कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग दमण को सौंप दिया गया है।

# दीव में अंतर्राष्ट्रीय कोस्टल सफाई दिवस पर सफाई अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 20 सितंबर। अंतर्राष्ट्रीय कोस्टल सफाई दिवस के मौके पर स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर कैंपेन के तहत गोमतीमाता बीच, वणाकबारा, दीव पर सफाई कैंपेन और अवेयरनेस रैली का आयोजन किया गया। नेशनल सेंटर फॉर कोस्टल रिसर्च, मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंसेज, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की मदद से इंटरनेशनल कोस्टल क्लीनअप डे 2026 और स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर कैंपेन के मौके पर मशहूर गोमतीमाता बीच पर एक खास बीच क्लीनअप प्रोग्राम और अवेयरनेस रैली का आयोजन बड़े पैमाने पर और सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रोग्राम में सीनियर अधिकारी और पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव खास तौर पर मौजूद थे। धर्मेश दमणिया (चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर - दीव डिस्ट्रिक्ट पंचायत एवं दीव नगरपालिका), विजय कुमार (अंडर सेक्रेटरी, MoEFCC), वी. पी. राजवेदी (अंडर सेक्रेटरी, MoEFCC), सुधीर सोंदी (इंटरनेशनल कोस्टल क्लीनअप के नेशनल लेवल कोऑर्डिनेटर), रंजीताबेन कोटिया (प्रेसिडेंट, दीव जिला पंचायत), नानजीभाई (वाइस प्रेसिडेंट, दीव जिला पंचायत) एवं उमेशभाई छगन बारिया,इंटरनेशनल कोस्टल क्लीनअप को-ऑर्डिनेटर की उपस्थिति रही। दीव डिस्ट्रिक्ट पंचायत लोकल पंचायतों और ऑर्गनाइजेशन के सभी सम्मानित सदस्यों ने इस क्लीनअप ड्राइव में जोश के साथ हिस्सा लिया। वणाकबारा और साउदवाड़ी ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, अलग-अलग सरकारी डिपार्टमेंट के ऑफिसर, पुलिस डिपार्टमेंट के स्टाफ, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के स्टाफ, सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल, टीचर, अलग-अलग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट के साथ-साथ वणाकबारा गवर्नमेंट स्कूल के स्टूडेंट्स और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। प्रोग्राम के दौरान मौजूद सभी लोगों ने गोमतीमाता बीच से प्लास्टिक, कांच और दूसरा कचरा इकट्ठा करके बीच की सफाई की। इसके साथ ही समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा, प्लास्टिक-फ्री बीच और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के बॉयकॉट के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रेरणा देने वाली रैली निकाली गई। इस प्रोग्राम के ज़रिए, समुद्री इकोसिस्टम की सुरक्षा और बीच की सफाई बनाए रखने के बारे में समाज को एक पॉजिटिव मैसेज देने की सफल कोशिश की गई।

# दीव में होटल की पार्किंग में कार में युवक की मिली लाश





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव, 20 सितंबर। दीव में एक होटल की पार्किंग में खड़ी कार में 35 साल के युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर दीव पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 12 बजे दीव के रिलैक्स इन होटल की पार्किंग में काफी देर से कार खड़ी देखकर होटल कर्मचारियों को शक हुआ। कर्मचारियों ने पुलिस को कार के बारे में बताया। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कार के अंदर एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। कार की खिड़की तोड़कर अंदर चेक करने पर युवक की लाश मिली। पुलिस की जांच के दौरान मृतक की जेब से आधार कार्ड, वॉलेट और मोबाइल फोन मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान सरधारा नितांतभाई रमेशकुमार (उम्र 35 वर्ष), निवासी जेतपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से शव को दीव के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। इस बीच, मृतक के पिता के मोबाइल फोन पर कॉल आने के बाद पुलिस ने परिवार को घटना की जानकारी दी। फिलहाल यह साफ नहीं है कि युवक की मौत किन हालात में हुई। दीव पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच कर रही है।

# 20वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 45 स्थानों पर 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित

■ युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला: केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बाभंणिया ■ अहमदाबाद में 942 अभ्यर्थियों को केंद्रीय सरकारी सेवाओं में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, अहमदाबाद, 19 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 20वें रोजगार मेले के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में आयोजित रोजगार मेले के कार्यक्रमों को संबोधित किया। 20वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 45 स्थानों पर 51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों एवं संगठनों में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अहमदाबाद में 20वें रोजगार मेले का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम, गुजरात यूनिवर्सिटी में किया गया। इस अवसर पर निमुबेन बाभंणिया, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, भारत सरकार ने विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों में चयनित नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में दर्शना बेन वाघेला, माननीय राज्य मंत्री, शहरी विकास एवं शहरी आवास विभाग, गुजरात सरकार, हितेश बारोट, महापौर, अहमदाबाद, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, आयकर विभाग एवं सीमा सुरक्षा बल (BSF) के अधिकारी, नवनियुक्त अभ्यर्थी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बाभंणिया ने कहा कि भारत के युवाओं के पास ऊर्जा, प्रतिभा, नई सोच और कुछ नया करने का साहस है। यही युवा शक्ति भारत को नई गति देने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं के लिए अनेक नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा और सामर्थ्य को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। बाभंणिया ने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी करने वाला युवा नहीं है, बल्कि वह स्टार्टअप स्थापित कर रहा है, नई प्रौद्योगिकी विकसित कर रहा है और नवाचार के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में लगभग 500 स्टार्टअप थे, जबकि आज स्टार्टअप की संख्या 2 लाख से अधिक हो गई है। AI, रोबोटिक्स, ड्रोन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर जैसे नए क्षेत्र युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आ रहे हैं। उन्होंने युवाओं से लगातार सीखते रहने, नई प्रौद्योगिकी से जुड़ने और अपने कौशल को निरंतर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उनके हाथ में नियुक्ति पत्र है और कल उनके हाथ में जिम्मेदारी होगी। सरकारी सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्रसेवा का अवसर है। उन्होंने कहा कि एक सही निर्णय किसी नागरिक का जीवन आसान बना सकता है, जबकि संवेदनशीलता और ईमानदारी सरकार तथा नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत कर सकती है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से अपने पद को जिम्मेदारी और सेवा के अवसर के रूप में देखने तथा कार्य में ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों और उनके परिवारजनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवाकाल की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश, वरिष्ठ अधिकारी, आयकर विभाग, अहमदाबाद ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सरकारी सेवा में अवसर प्रदान करने और केंद्र सरकार के कार्यबल को मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद और सूरत में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से आयकर विभाग में इंस्पेक्टर, ऑफिस सुपरिटेंडेंट और टैक्स असिस्टेंट सहित विभिन्न पदों पर 942 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे, डाक विभाग, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), बैंकिंग क्षेत्र और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) सहित विभिन्न केंद्रीय विभागों एवं संगठनों में भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, विश्वास और राष्ट्र की सेवा करने का अवसर भी है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई दी और उनके सफल एवं सार्थक सेवाकाल की शुभकामनाएं दीं।

# अस्मिता खेलो इंडिया रग्बी सिटी टूर्नामेंट 2026 का हुआ सफल आयोजन




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। मोटी दमण के फुटबॉल ग्राउंड में आज अस्मिता खेलो इंडिया रग्बी सिटी टूर्नामेंट 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 150 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं में खेलों को बढ़ावा देना तथा उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर डीएमसी के पूर्व अध्यक्ष अस्पी दमणिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डीआईए के पूर्व प्रमुख सत्येंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं तथा विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर फिलिया थॉमस सचिव, ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ दादरा नगर हवेली और दमण एवं दीव ने कहा कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की अस्मिता खेलो इंडिया पहल बालिकाओं एवं महिलाओं को खेलों से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों ने सच्ची खेल भावना, दृढ़ संकल्प, साहस और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने की अद्भुत क्षमता का परिचय दिया है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में अलेक्जेंडर थॉमस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सभी गणमान्य व्यक्तियों, आयोजकों, प्रशिक्षकों, तकनीकी अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अस्मिता खेलो इंडिया रग्बी सिटी टूर्नामेंट 2026 का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस आयोजन ने महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा, साहस, अनुशासन एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दमण के सरकारी स्कूलों का ब्लॉक स्तरीय रंगोत्सव आयोजित, युवा छात्रों की प्रतिभाओं का देखने को मिला जीवंत उत्सव



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। दमण के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए शिक्षा विभाग दमण ने आज दमण ब्लॉक स्तरीय रंगोत्सव 2026 का आयोजन ब्लॉक के विद्यार्थियों की प्रतिभा को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से उत्साहपूर्वक किया गया। विद्यार्थियों को नृत्य, गायन एवं नाटक के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का आयोजन दो श्रेणियों-कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में किया गया। कार्यक्रम में कुल 388 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 109 प्रस्तुतियाँ दीं गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ तथा यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर महिमा तोमर, असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन (एडमिन) राजेश हलपति, असिस्टेंट स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. सतीश पटेल, जिला परियोजना अधिकारी स्मिता थॉमस तथा डायट प्राचार्य इंद्रवदन पटेल के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। विजेता हुए छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बीआरसीसी भाविनी देसाई ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, समन्वयकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सामूहिक प्रयासों एवं सहयोग की सराहना की।

# यूटीटी प्रथम यूटी स्तरीय टेबल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का सिलवासा में सफल आयोजन



सिलवासा, 20 सितंबर 2026: दमण एवं दीव टेबल टेनिस एसोसिएशन, जो टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (ळळत्रक्ष) से मान्यता प्राप्त इकाई है, द्वारा यूटीटी प्रथम यूटी स्तरीय टेबल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का सफल आयोजन 19 एवं 20 सितंबर 2026 को सिलवासा लायंस स्कूल परिसर में किया गया।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में 80 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। खिलाड़ियों ने बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला वर्गों की कुल 12 विभिन्न श्रेणियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले प्रस्तुत किए।

दमण एवं दीव टेबल टेनिस एसोसिएशन टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध है और पिछले कई वर्षों से दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव के तीनों जिलों में टेबल टेनिस खेल के प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन दादरा एवं नगर हवेली टेबल टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से किया गया, जबकि वळळ इस प्रतियोगिता का टाइटल स्पॉन्सर रहा। वळळ द्वारा क्षेत्र में टेबल टेनिस के विकास एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिए जा रहे निरंतर सहयोग की भी सराहना की गई।

समापन समारोह में एसोसिएशन के महासचिव श्री जयेश जोशी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए दादरा एवं नगर हवेली टेबल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी प्रायोजकों का भी धन्यवाद किया।

श्री जयेश जोशी ने सिलवासा लायंस स्कूल प्रबंधन का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल परिसर उपलब्ध कराने से इस प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। उन्होंने वळळ को टाइटल स्पॉन्सर के रूप में सहयोग देने तथा इस क्षेत्र में टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर समर्थन प्रदान करने हेतु भी धन्यवाद दिया।

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान किए गए। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी श्रेणियों में कुल ₹40,000/- की नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।

इस प्रतियोगिता के आधार पर विभिन्न श्रेणियों से चयनित खिलाड़ी आने वाले महीनों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा।

पूरी प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन मुख्य रेफरी श्री पृथ्वी द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण तकनीकी व्यवस्था एवं मैच संचालन सीनियर टेक्निकल ऑफिशियल श्री धवल कार्णिक के मार्गदर्शन में किया गया। अधिकारियों की टीम ने सभी मुकाबलों का सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित किया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के साथ दमण एवं दीव टेबल टेनिस एसोसिएशन ने एक बार फिर केंद्र शासित प्रदेश में टेबल टेनिस के विकास, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत दीव पुलिस विभाग ने चलाया ट्रैफिक जागरूकता ड्राइव







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 20 सितंबर।

17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान को देखते हुए, कलेक्टिव एक्शन फॉर विजिबल इम्पैक्ट थीम पर दीव पुलिस डिपार्टमेंट ने आज दीव जिले में अलग-अलग जगहों पर ट्रैफिक अवेयरनेस ड्राइव चलाई। यह ड्राइव दीव के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस रामकृष्ण सरन के गाइडेंस में चलाई गई। ड्राइव का मुख्य मकसद गाड़ी चलाने वालों में रोड सेफ्टी और टू-व्हीलर चलाते समय हेलमेट पहनने की इंपॉर्टेंस के बारे में अवेयरनेस फैलाना था। पुलिसवालों ने रोड यूज़र्स से बात की और उन्हें अपनी सेफ्टी के लिए हेलमेट पहनने और ट्रैफिक रूल्स फॉलो करने की एडवाइस दी। अवेयरनेस ड्राइव मेन रोड, ब्रिज सर्कल, मेन रोड, बे ओटली सर्कल, मेन रोड, मलाला सर्कल, मेन रोड, तड चेक पोस्ट के पास, मेन रोड, नागोआ ट्रैफिक ऑफिस के पास और घोघला चेक-गेट पर चलाया गया।

ड्राइव के दौरान, गाड़ी चलाने वालों को हेलमेट पहनने और सुरक्षित ड्राइविंग के तरीकों के बारे में बताया गया। कानून के मुताबिक, लागू ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले लोगों के ट्रैफिक चालान भी काटे गए। दीव पुलिस सभी नागरिकों और सड़क इस्तेमाल करने वालों से हेलमेट पहनने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और अपनी और दूसरे सड़क इस्तेमाल करने वालों की सुरक्षा पक्का करने के लिए सुरक्षित गाड़ी चलाने की अपील करती है।

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM PATEL AJAYBHAI CHHOTUBHAI / AJAYBHAI CHHOTUBHAI PATEL **TO AJAYBHAI PATEL** AS PER DOCUMENT.

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM GOHEL JYOTIBEN THOMASBHAI / JYOTI AJAYBHAI PATEL **TO JYOTIBEN GOHEL** AS PER DOCUMENT.

## रामदूत सेवा संघ लेस्टर के गणपति महोत्सव में शामिल हुए कोली पटेल समाज दमण-यूके के प्रमुख वासू पटेल




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, लेस्टर 20 सितंबर। भारत से सात समंदर पार यूके के लेस्टर में दमण के मूल नागरिकों द्वारा गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रामदूत सेवा संघ लेस्टर द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव में बडी संख्या में नागरिक पहुंचकर गणपति बप्पा का दर्शन कर रहे हैं। कोली पटेल समाज दमण-यूके को रामदूत सेवा संघ लेस्टर में गणपति उत्सव में बुलाया गया। जिसमें कोली पटेल समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर कोली पटेल समाज दमण-यूके के प्रमुख वासू पटेल का रामदूत सेवा संघ के युवाओं और युवतियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर शानदार स्वागत किया। जहाँ उन्हें आने वाले दिनों में होने वाले नवरात्रि प्रोग्राम के बारे में बताया गया। यह भी आग्रह किया गया कि समाज के सभी परिवार नवरात्रि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नवरात्रि प्रोग्राम को सुंदर और शानदार बनाएं। समाज के कन्वीनर संजय पटेल ने भी समाज की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और समाज के ट्रेज़रर हरेश पटेल ने भी समाज के अकाउंट्स और मेंबरशिप के बारे में जानकारी दी। इस प्रोग्राम में समाज के प्रमुख वासू पटेल, ट्रेजरर हरेश पटेल, कन्वीनर संजय पटेल, मंत्री नितिन पटेल, विजय गुलाब, विजय पटेल, हेनिल पटेल, योगेश नटू, जयेश पटेल ढाकलीनी वाडी, प्रणव पटेल, अलकेश पटेल भेसरोड, समाज के ऑफिस बेयरर्स और एग्जीक्यूटिव मेंबर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में समाज की ओर से रामदूत सेवा संघ लेस्टर को धन्यवाद दिया गया।

## दमण जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री भावेश पटेल ने सपरिवार जेटी के राजा का लिया आशीर्वाद



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। दमण जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री एवं युवा भाजपा नेता भावेश पटेल ने सपरिवार जेटी के राजा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर दमण जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री भावेश पटेल ने अपनी धर्मपत्नी निरंजना पटेल, पुत्र वेद पटेल के साथ जेटी के राजा भगवान गणेश की आरती उतारी और प्रदेश एवं देश की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस मौके पर जेटी ग्रुप के पदाधिकारियों एवं बडी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

## वाडी फलिया युवक मंडल के गणेश विसर्जन में शामिल हुए काउंसिलर अस्पी दमणिया



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। वाडी फलिया युवक मंडल द्वारा गणेश उत्सव के पावन अवसर पर स्थापित विघ्नहर्ता श्री गणपति जी का 5वें दिन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। दिन की शुरुआत भव्य महाआरती एवं महाप्रसाद के वितरण के साथ हुई, जिसमें वाडी फलिया के सभी निवासियों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात, ढोल-नगाड़ों और गणपति बप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या के गगनभेदी जयकारों के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर डीएमसी वॉर्ड नं. 6 के काउंसिलर अस्पी दमणिया, वाडी फलिया युवक मंडल के अध्यक्ष राजेशभाई, पंकिलभाई, धवलभाई, जसविंदर कौर, केतनभाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जुलूस के उपरांत दमण जेटी पर श्री गणेश जी की प्रतिमा का पूर्ण विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने दमण एवं संपूर्ण भारतवर्ष में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता की कामना करते हुए गणपति दादा से आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय माहौल और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ।

## दमण कोर्ट परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन: मध्यस्थता से विवादों के त्वरित समाधान पर दिया गया जोर




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 20 सितंबर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण एवं एडवोकेट्स बार एसोसिएशन दमण के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मोटी दमण स्थित कोर्ट परिसर के कोर्ट हॉल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल जज (एस.डी.) एवं चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट तथा प्रभारी सह-सदस्य सचिव श्री ओंमकार जे. कुलकर्णी ने कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया से समय के साथ-साथ धन की भी बचत होती है। साथ ही इसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया विवादों को सुलझाने का एक ऐसा माध्यम है जिसमें दोनों पक्षकार आपसी सहमति से समाधान निकालते हैं। इसमें कोई भी पक्ष हारता नहीं है, बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है क्योंकि निर्णय किसी बाहरी न्यायाधीश द्वारा थोपा नहीं जाता, बल्कि दोनों की रजामंदी से बनता है। हाल ही में मध्यस्थता अधिनियम 2023 और विभिन्न कानूनी सम्मेलनों में न्यायविदों ने इसे अदालती मुकदमों से बेहतर और टिकाऊ विकल्प बताया है। वर्षों तक अदालतों में चलने वाली लंबी सुनवाई से छुटकारा मिलता है। अदालती फीस और वकीलों के भारी खर्च से राहत मिलती है और आपसी बातचीत से कड़वाहट कम होती है और रिश्ते सुधरते हैं। शिविर में एडवोकेट सपना एस. पुजारी ने मध्यस्थता की प्रक्रिया तथा एक मध्यस्थ के मूलभूत कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से विवाद से जुड़े पक्ष आपसी संवाद और सहमति के आधार पर समाधान की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। वहीं एडवोकेट चिंतन के. मोडासिया ने मध्यस्थता एवं आपसी समझौते के विभिन्न लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विवादों के समाधान में मध्यस्थता की भूमिका, समय एवं संसाधनों की बचत तथा पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण समाधान की संभावनाओं के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया गया कि कानूनी अधिकारों और उपलब्ध वैकल्पिक विवाद समाधान व्यवस्थाओं की जानकारी होने से लोग अपने विवादों के समाधान के लिए उचित कानूनी रास्ते का चयन कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर एडवोकेट वेनिका एम. डी'सिल्वा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंडमान के समंदर में रचा गया इतिहास: 200 गोताखोरों ने पानी के भीतर फहराया दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

■ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम ■ दमण के गोताखोर उजैर कुरैशी ने रहे पल के साक्षी




असली आज़ादी न्यूज नेटवर्क, दमण / पोर्ट ब्लेयर, 20 सितंबर। भारत के साहसी गोताखोरों ने समंदर की गहराइयों में एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित कर दिया है, जिसने पूरे विश्व को अचंभित कर दिया है। 2 मई 2026 को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के स्वराज द्वीप (पूर्व नाम हैवलॉक आइलैंड) के प्रसिद्ध राधानगर बीच पर देश के वीर जवानों और जांबाज नागरिकों ने मिलकर इतिहास रच दिया। समंदर की अगाध गहराइयों के बीच 200 से अधिक गोताखोरों ने एक साथ उतरकर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आधिकारिक तौर पर दर्ज कर लिया गया है। इस अभूतपूर्व और गौरवशाली अभियान में 60 मीटर लंबा और 40 मीटर चौड़ा यानी कुल 2400 वर्ग मीटर विशालकाय तिरंगा समंदर के नीचे ले जाया गया। पानी के तेज बहाव और दबाव के बीच इतने बड़े ध्वज को गरिमा के साथ फहराना एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे इन गोताखोरों ने अपनी कड़ी मेहनत और अचूक तालमेल से मुमकिन कर दिखाया। इस ऐतिहासिक मिशन की सफलता में भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल, अंडमान पुलिस, वन विभाग और कई निजी डाइविंग सेंटर्स के 200 से अधिक अनुभवी गोताखोरों ने अपना सर्वस्व झोंक दिया। इस पूरे मिशन में सबसे ज्यादा ध्यान देश के युवा जज्बे ने खींचा। समंदर की गहराइयों को नापने वाले इस दल में सबसे कम उम्र के तीन जांबाज गोताखोर भी शामिल थे, जिन्होंने अपनी उम्र को पीछे छोड़ते हुए देश का नाम रोशन किया। इनमें 16 साल के फतेह जहां सिंह, 15 साल की लावन्या एरा और महज 14 साल के रणविजय सिंह शामिल रहे। साथ ही दमण के गोताखोर उजैर कुरैशी इस पल के साक्षी रहे। इन नन्हे हीरोज के साहस को देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें गर्व से नम हो गईं। इस ऐतिहासिक पल की प्रामाणिकता की जांच के लिए मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम भी मौजूद थी। अंडमान-निकोबार के उपराज्यपाल डी.के. जोशी की गरिमामयी उपस्थिति में, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के आधिकारिक निर्णायक ऋषि नाथ ने सुबह ठीक 10:35 बजे इस रिकॉर्ड को आधिकारिक तौर पर प्रमाणित किया और भारत के नाम का सर्टिफिकेट जारी किया। समंदर की लहरों के नीचे तिरंगे की यह शान देखकर पूरा देश आज गर्व की अनुभूति कर रहा है, और यह रिकॉर्ड आने वाली पीढ़ियों के लिए देशप्रेम की एक अनूठी मिसाल बन गया है।

## नवदुर्गा गरबी मंडल के पंडाल में मिनी दीव के आकर्षण के साथ गणपति उत्सव का आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 20 सितंबर। हर साल की तरह इस वर्ष भी दीव के झांपाबार में साईं बाबा मंदिर के पास मां नवदुर्गा गरबी मंडल की तरफ से गणपति उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। गणपति बप्पा की भक्ति-भाव से तैयार किया गया आकर्षक पंडाल हाल ही में लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ है। इस साल पंडाल की खासियत यह है कि इसे मिनी दीव का स्वरूप दिया गया है। पंडाल में दीव के अलग-अलग ऐतिहासिक और टूरिस्ट जगहों के शानदार कृति तैयार किए गए हैं। गणपति बप्पा के दर्शन के लिए बनाया गया एंट्रेंस गेट दीव के पुराने एंट्रेंस गेट की तरह बनाया गया है। पंडाल में घुसते ही आपको पुराना पुल, नागवा बीच पर लिखा 'दीव' शब्द और पानीकोठा दिख सकता है। आगे बढ़ते हुए, गंगेश्वर महादेव मंदिर के पांच शिवलिंग, सेंट पॉल चर्च, आईएनएस खुकरी वेसल, बंदर चौक गेट और दीव फोर्ट समेत दीव की कई मशहूर जगहों के आकर्षक कृतियां तैयार गई हैं। इन सभी कृतियों को देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पंडाल आ रहे हैं और मिनी दीव की इस अनोखी व्यवस्था की तारीफ कर रहे हैं। पंडाल को रंग-बिरंगी लाइटिंग से भी सजाया गया है, जिससे रात में पंडाल का आकर्षण और भी बढ़ जाता है। मां नवदुर्गा गरबी मंडल ने गणपति बप्पा की स्थापना के बाद 11 दिनों तक कई तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। जिसमें हर दिन बड़ी संख्या में भक्त पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और महाआरती समेत कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं और गणपति बप्पा के दर्शन करके धन्य महसूस कर रहे हैं।

स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)